**समस्या** — बीमारियों को सीधा आमंत्रण, जगह-जगह रुके हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों का भारी प्रकोप

# श्रीनगर में गंदा और दूषित पानी मार्गों पर बह रहा



**नवभारत/नरसिंहपुर/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत श्रीनगर इन दिनों विकास और स्वच्छता के दावों के विपरीत नारकीय हालातों से जूझ रहा है। गांव में सुनियोजित नाली निर्माण न होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा और दूषित पानी सीधे मुख्य मार्गों पर बह रहा है, जिससे समूचा गांव गंदगी की चपेट में आ गया है। सड़कों पर फैले इस बदबूदार पानी के कारण राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। जलजमाव की वजह से सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं, जिसके चलते आए दिन दुपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। गंदगी के इस आलम ने अब ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी संकट खड़ा कर दिया है। जगह-जगह रुके हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों का भारी प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मलेरिया और डेंगू जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय रहवासियों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस विकराल समस्या के समाधान के लिए, ग्राम पंचायत से लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों तक कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। प्रशासन की इस उदासीनता का खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। श्रीनगर के रहवासियों ने अब जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से पुरजोर मांग की है

## गति अवरोधक बनाए जाने की मांग



**गोटेगांव।** नगर के विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर इन दिनों सड़क निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। गुणवत्तापूर्ण कंक्रीट सड़कों के निर्माण से न केवल शहर का स्वरूप बदल रहा है, बल्कि स्थानीय नागरिकों का आवागमन भी पहले की तुलना में काफी सरल और सुगम हो गया है। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल की नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है, लेकिन नई सड़कों के साथ एक नई चुनौती भी सामने आई है। देखा जा रहा है कि चिकनी और बेहतर सड़कें बनने के बाद वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं में तेज़ रफ्तार से वाहन चलाने की होड़ मची है। रफ्तार का यह सिलसिला हादसों को आमंत्रण दे रहा है। विशेष रूप से स्टेडियम मार्ग से ठाकुर बाबा मंदिर की ओर जाने वाले हिस्से में सड़क निर्माण के बाद वाहनों की गति काफी बढ़ गई है, जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों और बुजुर्गों में भय का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बेहतर सड़कों का लाभ तभी है जब उन पर सफर सुरक्षित हो। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से पुरजोर मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों पर चिन्हित स्थानों पर मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनाए जाएं। नागरिकों का मानना है कि ब्रेकर बनने से तेज़ रफ्तार पर अंकुश लगेगा और संभावित बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इस सुरक्षा मांग पर कितनी जल्दी अमल करता है।

## किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने किए जा रहे लगातार प्रयास

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने बताया कि ई- विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) अंतर्गत जिले में 9 हजार 172 किसानों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें से 2 हजार 460 किसानों द्वारा ई-टोकन जनरेट किये गये और एक हजार 733 किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक क्रय किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है और जिले में उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी की 2753.7 मी. टन डीएपी प्राप्त हुआ। उप संचालक कृषि ने रैक प्वाइंट पर जाकर उर्वरक का निरीक्षण किया। डीएपी का वितरण यथाशीघ्र किसानों को किया जायेगा। इसी क्रम में नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी की 3132 मी. टन यूरिया रैक आगामी दिवसों में प्राप्त होना प्रस्तावित है।

# वनकर्मियों पर फायर करने वाले गये जेल



**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों सुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत वनरक्षक ऋषिकेष टैगौर बीट पश्चिम आमापानी वनवृत आमापानी गेम परिक्षेत्र डोंगरगांव बीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व जिला सागर द्वारा थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह जब अपनी बीट में गस्ती कर रहा था तभी ग्राम आमापानी खारी तालाब के पास तीन व्यक्ति राजा अन्नू और सेवक दिखे जिन्हें वनरक्षक द्वारा आवाज लगायी गई। तब आरोपियों द्वारा अन्य साथियों द्वारा हवाई फायर किये गये। जिसके डर से वन रक्षक एवं चौकीदार अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गये थे। भाग जाने के उपरांत आरोपीगणों द्वारा वनरक्षक की मोटरसाइकल को बदूंको की बट से कुल्हाडी से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और फरार हो गये थे। वनरक्षक की रिपोर्ट पर थाना सुआताल में अपराध क्र. 44/26 धारा 132 296 (ख) 125 324 (4)351(2) 3 (5) बी.एन.एस.का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। तभी से आरोपीगणों की तलाश करते हुए आरोपी राजा सेवक व अन्नू को 9 फरवरी को अभिरक्षा में लेकर कढाई से पूंछताछ की गई जिनके द्वारा बताया कि शिकार करने राजा सेवक अन्नू अभिषेक एंव रंजीत कैलाश ये सभी आरोपीगण घटना के समय एक साथ थे राजा अभिषेक और अन्नू द्वारा अपनी बंदूक से एक एक हवाई फायर किये गये थे। सभी आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में राजा लोधी से एक 12 बोर बंदूक एक भरमार बंदूक एंव 02 जिंदा कारतूस 12 बोर के जप्त किये गये एंव आरोपी अन्नू लोधी से एक भरमार बंदूक को जप्त किया गया आरोपी सेवक से एक कुल्हाडी को जप्त किया गया। प्रकरण में धारा 25 27 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया है। इस सफलता में निरीक्षक प्रियंका केवट सउनि सुमित तिवारी प्र.आर.अशोक अहिरवार आसिम हुसैन जितेन्द्र पटेल आरक्षक सुधर्म श्रीवास्तव सतेन्द्र वेन शंशाक मिश्रा राजेश यादव अखिलेश विनोद की अहम भूमिका रही। उक्त सभी आरोपियों को जेल भेजा गया जिसमें राजा उर्फ राजेन्द्र पिता फौलाद लोधी उम्र 22 साल निवासी केरपानी रंजीत पिता हुकुम सिंह लोधी उम्र 30 साल निवासी रमखिरिया सरसला टपरिया अनिल उर्फ अन्नी लोधी पिता प्रहलाद लोधी उम्र 29 साल निवासी रमखिरिया, सेवक पिता हरिराम ठाकुर उम्र 21 साल निवासी रमखिरिया कैलाश नौरिया पिता हरिचरण नौरिया उम्र 23 साल निवासी ग्राम रमखिरिया अभिषेक पिता महेन्द्र पटेल लोधी उम्र 22 साल निवासी हिरनपुर थाना सुआताला प्रमुख रुप से शामिल हैं।

# स्फटिक शिवलिंग की आभा और गुरु सानिध्य का संगम



**नवभारत/ गोटेगांव।** क्षेत्र का सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र परमहंसी गंगा आश्रम इन दिनों अपनी दिव्यता के कारण श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। आश्रम में ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की समाधि स्थल पर स्थापित दिव्य स्फटिक शिवलिंग अपनी अलौकिक चमक और पवित्रता से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। आश्रम परिसर में स्थापित जगतगुरु की प्रतिमा इतनी जीवंत है कि दर्शनार्थियों को साक्षात गुरुदेव के सानिध्य और उनके आशीर्वाद का अनुभव होता है। प्रतिदिन गुरुओं व साधकों द्वारा यहाँ वैदिक विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की महाआरती संपन्न की जाती है, जिससे पूरा वातावरण %हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहता है। विशेष रूप से रविवार को आसपास के क्षेत्रों से यहाँ श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। भक्तों का मानना है कि इस पावन धरा के दर्शन मात्र से मानसिक शांति मिलती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

# ग्राम टेकापार में संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई



**नवभारत/ गाडरवारा/ साईंखेड़ा।** के समीप स्थित ग्राम टेकापार में अहिरवार समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संत रविदास मंदिर से ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें संपूर्ण जिले से अहिरवार समाज सहित विभिन्न वर्गों के बड़ी संख्या में अनुयायी सम्मिलित हुए। शोभायात्रा के दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों का समाजसेवी दयाराम अहिरवार द्वारा सम्मान किया गया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी शुरुआत संत शिरोमणि रविदास जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत रविदास जी के साहित्य, विचारों एवं उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने, बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। महिला वक्ताओं ने बाल विवाह रोकने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने संबंधी महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक एवं वैचारिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नंदलाल अहिरवार, राधा कमलेश (अध्यक्ष, जनपद पंचायत चीचली), उमेद अहिरवार, राजू टिकैत, यशवंत सिंह राजपूत, मनोज मालपानी, रेवाशंकर कटारे, प्रेम सिंह लोधी, एच.एस. पटेल, अमन सिंह राठौर, लालजी प्रसाद कपाड़िया, मानक लाल अहिरवार, बी.डी. अहिरवार, दुलीचंद , संतोष, कैलाश, परशुराम, सतीश, राहुल चौधरी, लेखराम चौधरी, प्रदीप, प्रीतम, बबलू, कमल चौधरी सहित महिला वक्ताओं में दशोदा, भागवती, विनीता कु. नेहा अहिरवार ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन बंशीलाल अहिरवार (जिला अध्यक्ष, अजाक्स) द्वारा किया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में हेमराज, मोहन, हरनाम सिंह, पर्वत सिंह, मूलचंद, दयाराम, केहर सिंह (उपसरपंच), परमसुख, वीरेंद्र, उमराज, राकेश, नेपाल, संजय, शंकर, बलराम, नरेश, सीताराम, कोमल एवं रामपाल अहिरवार का विशेष सहयोग रहा।



# दिव्यांग बच्चों को वितरित किए उपकरण

**नवभारत/तेंदूखेड़ा** विगत दिवस विकास खंड स्तर पर दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 43 बच्चों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर सीपी चेयर ब्रेल किट इयर किट टीएलएम किट एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेंद्र ठाकुर जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र पटेल मनोज पाठक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर एपीसी अंजू शर्मा जबलपुर से महेंद्र सर अरुण यादव उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य केपी साहिलबार बीआरसी सुनील श्रीवास्तव राजेश सेन जनशिक्षक त्रिलोक जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे सामग्री के वितरण के साथ दिव्यांग बच्चों के भोजन की व्यवस्था भी की गई।

### एक नजर में



## सुंदर साहू उपाध्यक्ष व दिनेश संगठन मंत्री बने

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस ग्राम लांठगांव में दिन रविवार शाम को साहू समाज की बैठन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भगवान दास साहू ग्रामीण अध्यक्ष त्रिभुवन साहू खेमलाल चंद साहू शिक्षक गुलाब साहू पत्रकार आशीष साहू की गरिमामई उपस्थिति में लांठगांव में स्वाजतीय बंधुओ की बैठक ली बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता अखंडता समरसता के साथ-साथ आगामी साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव को लेकर विभिन्न चर्चा किए जाने के पश्चात सर्व सहमति से जॉन प्रभारी की नियुक्ति की गई जिसमें दिनेश साहू के प्रस्ताव पर एवं सतीश साहू के समर्थन पर सुंदरलाल उर्फ़ पप्पू साहू जी को लाठगांव जॉन उपाध्यक्ष पद के लिए निर्णय लिया गया वहीं संगठन मंत्री पद के लिए सुंदर साहू ने प्रस्ताव रखा जिसका मुन्ना लाल साहू ने किया और दिनेश साहू जी को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया बैठक में मिट्ठू लाल साहू भावसिंह साहू जय कुमार साहू श्यामलाल साहू अमित कुमार साहू तनिष साहू बृजेश साहू लखन साहू तोडले साहू सहितअन्य स्वाजतीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## नौ दिवसीय शिव महापुराण का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**नवभारत/ गोटेगांव** नगर स्थित साहू मोहल्ला के पास श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। जहा स्थानीय विधायक महेंद्र नागेश ने पहुंचकर यात्रा का स्वागत किया सिर पर में कलश धारण कर श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयघोष के साथ नगर भ्रमण किया। जिसके चलते पूरा नगर शिवमय वातावरण में रंगा नजर आया। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर स्टेडियम मार्ग, ठाकुर बाबा, सराफा बाजार, भगत राम चौराहा एवं पुरानी गल्ला मंडी होते हुए पुन: कथा स्थल पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के व साथ निकली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन समिति के अनुसार श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड के पास, में किया जा रहा है।

## रोजगार मेला- युवा संगम कार्यक्रम 16 फरवरी को

**नवभारत/नरसिंहपुर।** युवाओं को रोजगार/ स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला (युवा संगम) कार्यक्रम का आयोजन 16 फरवरी को प्रात- 10.30 बजे से शासकीय निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि युवा संगम कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किए जाएंगे। स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में विभागों द्वारा जानकारी प्रदाय की जाएगी। इसके साथ- साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठित कम्पनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने सभी इच्छुक आवेदकों से कहा है कि वे अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लें।




## तेंदूखेड़ा टीम विजेता, और भामा टीम उपविजेता

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम भामा में स्वर्गीय प्रिया सिंह ठाकुर की स्मृति में आयोजित की गई टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में तेंदूखेड़ा टीम ने फाइनल मैच जीतकर 31 हजार नगद और कप को जीतकर ट्राफी को अपने कब्जे में कर लिया। फाइनल मैच में तेंदूखेड़ा टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 12 ओबर के इस मैच में तेंदूखेड़ा टीम ने भामा टीम के सामने 143 रनों का लक्ष्य रखा जबाब में भामा टीम ने अपने सभी विकेट और ओबर गंबाते हुए 110 रनों पर आल आउट हो गई। मैच में रामगोपाल पटेल मैन आफ दा मैच रहे इस मौके पर पहुंचे म प्र कांग्रेस कमेटी के दीवान शैलेंद्र सिंह ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल दददू उमाकांत दुबे ठा. राघवेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह राजबहादुर सिंह हिमांशु सिंह हीरापुर सरपंच कुलदीप दुबे प्रीतम सिंह देवेंद्र पटेल ठा.धर्मेंद्र सिंह छिदमीलाल पटेल संतोष साहू जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर पटेल भूपेंद्र जयवर पं बाबूलाल डॉ. रामचरण डॉ. जगदीश डॉ. रामदयाल पाली डॉ. संजू सिंह राजेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह राजेश राजकुमार ह्रदेश पाली शंकर पटेल भैयाराम साहू नेकनारायण सिंह दोनों टीमों को निर्धारित राशि एवं कप प्रदान किए गए।

# महाशिवरात्रि पर सवा लाख रुद्री निर्माण और मानस सम्मेलन



**नवभारत/साईखेड़ा।** समीपवर्ती ग्राम तूमडा में भगवान नर्मदेश्वर महादेव की असीम अनुकंपा से आगामी 11 फरवरी से पांच दिवसीय भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान महाशिवरात्रि महोत्सव, श्री रामचरितमानस सम्मेलन एवं सवा लाख रुद्री निर्माण जैसे दिव्य अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसे लेकर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

### पंचदिवसीय अनुष्ठानों की श्रृंखला

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पावन आयोजन 11 फरवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी 2026 (महाशिवरात्रि) तक चलेगा। कार्यक्रम के केंद्र में सवा लाख रुद्री (पार्थिव शिवलिंग) का निर्माण रहेगा, जिसमें श्रद्धालु सामूहिक रूप से महादेव की आराधना करेंगे। प्रतिदिन सुबह वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ महादेव का अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा।

### मानस सम्मेलन और प्रवचन की अमृत वर्षा

दोपहर एवं संध्याकालीन सत्रों में श्री रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें आमंत्रित विद्वानों और मानस मर्मज्ञों द्वारा प्रभु श्री राम के चरित्र और शिव-महिमा पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रतिदिन होने वाले भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संपूर्ण ग्राम का वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महोत्सव का समापन होगा। इस दिन विशेष रुद्राभिषेक, भव्य शोभायात्रा और रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले धर्मप्रेमियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनता, संत समाज और श्रद्धालु जनों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाएं।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में करे सहयोग

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक

**नवभारत/ साईखेड़ा।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की संवाद योजना के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार मप्र जनअभियान परिषद साईखेडा के कार्यालय जनपद सभागार साईखेडा में सम्पन्न हुई। बैठक में वृन्दावन जन कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश खेमरिया एवं विकास खंड समन्वयक स्मिता दांडे की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो की त्रैमासिक कार्ययोजना के अंतर्गत माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर जनवरी में संपादित की गई गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर सेक्टर वार चयनित आदर्श ग्रामों के समग्र विकास के लिए स्वावलंबन के विभिन्न आयामों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक में मप्र जनअभियान परिषद साईखेडा की विकास खंड




समन्वयक स्मिता दांडे ने कहा कि ग्राम विकास ही प्रदेश की समृद्धि एवं प्रगति का मजबूत आधार है। उन्होंने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्थाओं को संस्कार केंद्र, विवेकानंद वाचनालय, जनसूचना केंद्र एवं पौध नर्सरी की स्थापना सुनिश्चित करने के साथ- साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कराने के सहयोग करने का आग्रह किया है मप्र जनअभियान परिषद नवांकुर संस्था वृन्दावन जन कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश खेमरिया ने दस्तावेज संधारण की प्रक्रिया के साथ-साथ साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक एवं त्रैमासिक बैठकों के आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने पीआरए पद्धति के माध्यम से ग्राम विकास के प्रमुख आयामों स्वच्छता अभियान पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण, नशामुक्त ग्राम विवाद मुक्त ग्राम,स्वावलंबन से स्वदेशी,सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य,गो संरक्षण जल संचय बोरी बंधान, जल, जंगल,जमीन संरक्षण, आदि विषयों पर ग्राम चौपाल ,जागरूकता रैली।

### विचार विमर्श हुआ

बैठक में वर्तमान में संचालित जल संचय अभियान तथा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत सेक्टर एवं ग्राम पंचायत स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रमों की समीक्षा कर उनकी प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर परिषद के विकासखण्ड समन्वयसहित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि। एवं परामर्शदाता सपना तोमर, राहुल केवट,देव शर्मा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से अध्यक्ष मधुसूदन पारासर भरत सिंह राजपूत मेहरागांव, मोहन शर्मा संदूक, इंद्रपाल सिंह अनघोरी, प्रहलाद सिंह पटेल रमपुरा, शिवकुमार आदिवासी खिरेटी, भोपाल सिंह अजंदा लक्ष्मी पटेल डुंगरिया आदि की उपस्थिति रही।




# इमझिरा के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण की शुरुआत ककरा घाट पर माँ नर्मदा के दर्शन के साथ की गई। इसके पश्चात भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शासकीय संजय निकुंज उद्यानिकी बोहानी में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों का अवलोकन किया जहां पदस्थ कर्मचारी शिवराम जाटव द्वारा ग्राफ्टिंग विधि के माध्यम से पौध संवर्धन की जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात शिक्षक अजय शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शासकीय राघव कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोहानी का भ्रमण कराया गया। प्रखर शर्मा कृषि विषयक जानकारी प्रदान की गई। जहां उन्होंने मशरूम की खेती एवं विभिन्न प्रकार के फूलों की खेती के बारे में अवगत कराया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी का भ्रमण किया जहाँ प्राचार्य डॉ. अरुण तिवारी के निर्देशन में परिसर का अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मैस में भोजन की व्यवस्था की गई तथा उनका इंटलजेंसी टेस्ट लेकर उन्हें पुरस्कृत किया गया।